प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 21.05.2026 समय : 01:00 पी.एम.

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज बांसवाडा के कुशलगढ़ क्षेत्र के चूड़ादा गांव में सुबह भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया। ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्यायें बतायी। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। मॉर्निंग वॉक के बाद मुख्यमंत्री बांसवाड़ा सर्किट हाउस के लिए रवाना हुए। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री के ईंधन बचत के संदेश को आगे बढ़ाते हुए आम जनता से पेट्रोल–डीजल बचाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की। सर्किट हाउस पंहुचने पर मुख्यमंत्री का स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री का आज कलक्ट्रेट में जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करने का भी कार्यक्रम है। उसके बाद मुख्यमंत्री डूंगरपुर के लिए रवाना हो जायेंगे। वे वहां भी कलक्ट्रेट में जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री चौरासी विधानसभा क्षेत्र की तंबोला ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल में शामिल होंगे। कल मुख्यमंत्री इसी गांव में प्रातःकालीन भ्रमण करेंगे।

....

देश भर में आज आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य युवाओं को आतंकवाद और हिंसा से दूर करना है। इसी दिन वर्ष 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या हुई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। इधर पाली के राजीव गांधी स्मृति भवन में श्रद्धाजंलि कार्यक्रम हुआ और दो मिनट का मौन रखकर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये गये।

....

राज्य पक्षी गोडावण के संरक्षण को समर्पित गोडावण दिवस आज प्रदेश में पहली बार मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आज जैसलमेर में राज्य पक्षी गोडावण की प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में वन मंत्री संजय शर्मा, जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी सहित वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। वन मंत्री ने डेजर्ट नेशनल पार्क के सुदासरी क्षेत्र का भ्रमण कर गोडावण संरक्षण के लिये चल रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा भी की।

....

जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड ने सरस दूध और दुग्ध उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें आज शाम से लागू होंगी। डेयरी ने दूध के दाम में प्रति लीटर 2 रुपए की वृद्धि की है। दूध के साथ दही, छाछ, लस्सी और पनीर की कीमतों में भी इजाफा किया है। 200 ग्राम पनीर का पैकेट अब 74 रुपए की बजाय 80 रुपए में मिलेगा। इसके अलावा 200 ग्राम दही का पैक अब 16 रुपए की जगह 18 रुपए में मिलेगा। सादा छाछ पर 1 रुपए और नमकीन छाछ और लस्सी पर 2–2 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। गौरतलब है कि इससे पहले 13 मई को अमूल और मदर डेयरी ने भी दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की थी।

....

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने अभी इससे कोई राहत नहीं मिलने की संभावना जतायी है। विभाग ने आगामी तीन से चार दिन तक प्रदेश के आधे से अधिक हिस्सों में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, भरतपुर और कोटा संभाग के अधिकांश जिलों में गर्म हवाओं का असर बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि वर्तमान में राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 43 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। पिछले 24 घंटों में राज्य के सात शहरों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया जबकि 8 शहरों में रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। श्रीगंगानगर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां

अधिकतम तापमान 46 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बीकानेर की रात सबसे गर्म रही और वहां न्यूनतम तापमान 31 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

....

राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस—एआई आधारित साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने की सलाह जारी की है। पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक वीके सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी अब गुगल जैमिनी, चैटजीपीटी और ग्रोक जैसी एआई तकनीकों का उपयोग कर आधार बायोमेट्रिक सुरक्षा प्रणालियों को बायपास करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपने आधार बायोमेट्रिक्स को एम आधार ऐप या यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से लॉक करने की अपील की है। बायोमेट्रिक्स लॉक होने पर फिंगरप्रिंट और आइरिस डेटा का उपयोग तब तक नहीं किया जा सकेगा, जब तक स्वयं उपयोगकर्ता उसे अनलॉक न करे। पुलिस ने आमजन को नियमित रूप से यूआईडीएआई पोर्टल पर जाकर आधार ऑथेंटिकेशन हिस्ट्री जांचने की सलाह भी दी है, ताकि पिछले छह महीनों में आधार का उपयोग कहां और किस उद्देश्य से हुआ, इसकी जानकारी मिल सके।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल—फ्री नम्बर 1800—11—7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।

....